२०३

**दिनांक–18.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11:00 बजे विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं 11:30 बजे अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार

**बैठक की कार्यवाही**

सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभाग द्वारा क्रियान्वित विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिये गये महत्वपूर्ण निदेश निम्नवत् हैः–

## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

- डॉ ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम साईंस सिटी, पटना का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–2 द्वारा बताया गया कि Be A Scientist + Basic Science gallery के कुल 94 Exhibit में से Phase-I के 47 Exhibit का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा Phase-II के Exhibit का Prototyping का कार्य चल रहा है। पूर्ण किये गए 47 Exhibit का हस्तांतरण प्रशासी विभाग द्वारा नहीं लिया गया है तथा 1 साल का Defect Liability Period पूरा होने वाला है। प्रशासी विभाग द्वारा 5 सदस्यीय समिति बनायी गयी है परन्तु उसके द्वारा अभी तक निरीक्षण नहीं किया गया है। प्रशासी विभाग से हस्तांतरण हेतु एक तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा यह बताया गया कि Comprehensive House Keeping के लिए तत्कालिक व्यवस्था की गयी है तथा इसकी अवधि का विस्तार किया गया है परन्तु प्रशासी विभाग को इस संबंध में निर्णय लेने की आवश्यकता है।

  मुख्य अभियंता (पटना) को यह निदेश दिया गया कि Exhibit को छोड़कर बाकी स्थानों के Housekeeping के लिए Proper Agency के चयन हेतु Scope of work के आधार पर प्राक्कलन तैयार किया जाय। तत्पश्चात् प्रशासी विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर Agency का चयन किया जाय।

  कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि परिसर की चहारदिवारी जो स्टेडियम से लगी हुई है उसमें मेट्रो के निर्माण कार्य के कारण जमीन दलदली हो चुकी है तथा वहाँ बड़े–बड़े Equipments रखे हुए है। मेट्रो का काम पूर्ण होने के बाद ही चहारदिवारी का कार्य किया जा सकेगा।

  कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि परामर्शी के कार्यों में अवधि विस्तार के लिए प्रस्ताव पर प्रशासी विभाग द्वारा निर्णय लिया जाना लंबित है। इस पर प्रशासी विभाग द्वारा शीघ्र अग्रतर कार्रवाई किया जाना अपेक्षित है।

  **अनुपालनः–प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–2**

- राजकीय पॉलिटकनिक संस्थान, मखदुमपुर, जहानाबाद के मुख्य द्वार पर गार्ड रूम का निर्माण कार्य में विलम्ब के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि भुगतान नहीं होने के कारण संवेदक द्वारा कार्य छोड़ दिया था। वर्तमान में कार्य प्रगति में है तथा इसे 30 जून, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद**

- राजकीय पॉलिटकनिक संस्थान, मखदुमपुर, जहानाबाद के पिछले द्वार पर गार्ड रूम का निर्माण कार्य में विलम्ब के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि भुगतान नहीं होने के कारण संवेदक द्वारा कार्य छोड़ दिया था। वर्तमान में कार्य प्रगति में है तथा इसे 30 जून, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद**

- सहरसा जिलान्तर्गत पॉलिटेकनिक कॉलेज के अतिरिक्त प्रशासनिक ब्लॉक भवन (जी+3) का निर्माण कार्य में विलम्ब के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा बताया गया कि स्थल पर Overhead Tank होने के कारण कार्य प्रारंभ करने में विलम्ब हुआ। वर्तमान में कार्य प्रगति में है तथा इसे 31 जुलाई, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा**

- प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कटिहार अभियंत्रण महाविद्यालय के परिसर में संवेदक का कुछ सामान रखा हुआ है जिस कारण महाविद्यालय के खेल का मैदान बाधित है। प्रशासी विभाग द्वारा इन सामानों को हटवाने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कटिहार द्वारा बताया गया कि उक्त सामान कशिश बिल्डर्स नामक एजेंसी का है, जिसपर कोर्ट केस चल रहा है। इस एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने पर दूसरे संवेदक से कार्य कराया गया था। सामानों में 3 जेसीबी तथा 2 हाईवा है जिसे जब्त कर लिया गया है।

  निदेशित किया गया कि जब्त किये गये सामानों का विधिवत् निष्पादन किया जाना चाहिए था। ऐसा नहीं होने से उन उपकरणों का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। Depreciation के कारण

उपकरणों का वास्तविक मूल्य भी घट रहा है। मुख्य अभियंता (उत्तर) एवं कार्यपालक अभियंता कोर्ट केस की समीक्षा करके जब्त किये गये उपकरण इत्यादि के निष्पादन की कार्रवाई करेंगे।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कटिहार**

- गयाजी अभियंत्रण महाविद्यालय, गयाजी के परिसर में वास्तुकला विभाग भवन एवं अतिरिक्त 300 बेड का एक बालक छात्रावास (G+5) तथा 200 बेड का एक बालिका छात्रावास (G+3) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी द्वारा बताया गया कि उक्त योजना तकनीकी बीड निष्पादन की प्रक्रिया में है। मुख्य अभियंता (उत्तर) को जल्द—से—जल्द निविदा निष्पादित कराने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः—मुख्य अभियंता (उत्तर)**

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

- सुपौल जिलान्तर्गत मदरसा ईस्लाहुल बनात जमीलिया, ईस्लामगंज, निर्मली, सुपौल के परिसर में 6 वर्ग कक्ष (जी0+1) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि संवेदक का चयन हो चुका है तथा कार्यादेश निर्गत किया जाना है।
  कार्यपालक अभियंता को पी0एम0आई0एस0 पर योजना की स्थिति अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सुपौल**

- गयाजी जिलान्तर्गत जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के आवास का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि अदिनांक जमीन अनुपलब्ध है। कार्यपालक अभियंता को योजना हेतु ज़मीन उपलब्ध कराने या प्रशासनिक स्वीकृति रद्द करने के लिए प्रशासी विभाग को पत्र देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी**

- नवादा जिलान्तर्गत जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि चिन्हित स्थल अनुपर्युक्त है। कार्यपालक अभियंता को योजना हेतु जमीन उपलब्ध कराने या प्रशासनिक स्वीकृति रद्द करने के लिए प्रशासी विभाग को पत्र देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नवादा**

- वैशाली जिलान्तर्गत जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के आवास का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि उक्त कार्य का प्राक्कलन प्रशासी विभाग को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु दिनांक 29.09.2024 को भेजा गया है, परन्तु अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति अप्राप्त है।
  कार्यपालक अभियंता को मूल पत्र संलग्न कर प्रशासी विभाग को स्मार पर देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, वैशाली (हाजीपुर)**

- प्रशासी विभाग द्वारा वैशाली जिलान्तर्गत 100 शैय्या वाले छात्रावास का प्राक्कलन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि उक्त योजना हेतु जमीन अभीतक अप्राप्त है। प्रशासी विभाग को योजना हेतु जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालनः—प्रशासी विभाग / कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, वैशाली (हाजीपुर)**

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

ह0 / —
**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**
अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांक—डी0डी0—1—विविध—49 / 05 / 2019—20 (पार्ट—VI) 6166(M) दिनांक— 7/7/26

प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब—साईट पर अपलोड करने एवं संबंधित प्रशासी विभाग को भेजने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव